Govt. Jamuna Prasad Verma PG Arts & Commerce College, Bilaspur (C.G.)

Provision of Scribe for Disabled Students

अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)
ATAL BIHARI VAJPAYEE VISHWAVIDYALAYA, BILASPUR (CHHATTISGARH)
website: www.bilaspuruniversity.ac.in

क्रमांक /3274/ परीक्षा–गोपनीय / 2020 दिनांक 29/02/ 2020

–:: आवश्यक निर्देश ::–

अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर से संबद्ध समस्त महाविद्यालयों की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले समस्त प्रकार के ''40 प्रतिशत् से अधिक दिव्यांगता वाले छात्रों'' से संबंधित आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.) के पत्र क्र./13/आ.उ.शि./2020 रायपुर दिनांक 28.01.2020 के द्वारा जारी दिशा–निर्देश का पालन करते हुए दिव्यांग छात्र–छात्राओं को निम्नानुसार सुविधाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

01. महाविद्यालयों में दिव्यांगजनों हेतु Scribe Panel (सह–लेखक) एवं Reader / Lab Assistant का समूह (Panel) बनावे जिससे कि दिव्यांगजनों को सह लेखक की व्यवस्था उपलब्ध कराने में सुविधा हो सके, यह जिम्मेदारी प्रथमतः महाविद्यालय की होगी एवं उपलब्ध न होने पर छात्र स्वयं से सह–लेखक उपलब्ध करा सकता है।
02. दिव्यांगजनों, जो सह–लेखक की सहायता नहीं लेते हैं और यदि अतिरिक्त समय की मांग करते हैं तो उन्हें प्रत्येक घंटे में 20 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाकर 3 घंटे के प्रश्नपत्र में अधिकतम 01 घंटा अतिरिक्त समय दिया जावे।
03. समस्त दिव्यांगजनों को परीक्षाओं में भूतल पर स्थित कक्षाओं में ही परीक्षा देने की बैठक व्यवस्था सुनिश्चित् करें।
04. दिव्यांगजनों को एक कक्षा नीचे योग्यताधारी सह–लेखक ही उपलब्ध करायें।
05. दिव्यांगजनों के सह–लेखक मांगे जाने पर एक दिन पूर्व ही उनसे परिचित कराकर उन्हें समझने का अवसर दें।
06. आवश्यक होने पर ही अलग–अलग प्रश्न पत्र हेतु दिव्यांगजनों के मांगे जाने पर अलग–अलग सह–लेखक उपलब्ध कराया जावे। उनके इच्छा के विपरित, जो पूर्व से उपलब्ध हैं, उसे दोबारा/पुनः उपलब्ध कराने/करने हेतु बाध्य न करें।
07. इस संबंध में समस्त अधिकार प्राचार्य/केन्द्राध्यक्ष को होगा। कृपया ऐसे प्रकरण विश्वविद्यालय को प्रेषित ना करें।
08. दिव्यांगजन/सह–लेखक (Scribe) हेतु निम्नलिखित दस्तावेज आवश्यक होंगे–

(A). दिव्यांगजन :
- (i) दिव्यांगता प्रमाण–पत्र (अधिकृत चिकित्सक द्वारा प्रमाणित)
- (ii) प्रवेश पत्र की छायाप्रति
- (iii) आधार कार्ड/पहचान पत्र की छायाप्रति प्रति
- (iv) सह–लेखक उपलब्ध कराने संबंधी प्राचार्य/केन्द्राध्यक्ष को संबोधित आवेदन पत्र।

(B). सह–लेखक :
- (i) पासपोर्ट साईज वर्तमान का एक फोटो
- (ii) आधार कार्ड/पहचान पत्र की छायाप्रति प्रति
- (iii) अंतिम उत्तीर्ण परीक्षा की छायाप्रति।
- (iv) 10वीं की अंकसूची की छायाप्रति।
- (v) अंतिम परीक्षा उत्तीर्ण करने का शपथ–पत्र (सादे कागज में)

नोटः– राज्य शासन द्वारा समय–समय पर दिये गये निर्देशों के तहत् उक्त सूचना परिवर्तनीय होगी।

संलग्नः– आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय द्वारा जारी पत्र/दिशा–निर्देश ।

29.2.2020

कुलसचिव

Govt. Jamuna Prasad Verma PG Arts & Commerce College, Bilaspur (C.G.)

Disabled Friendly Ground Floor and Washrooms

Govt. Jamuna Prasad Verma PG Arts & Commerce College, Bilaspur (C.G.)

Disabled Friendly Ground Floor and Washrooms